दिन–गुरूवार दिनांक– 09 / 05 / 2024

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– प्रातः 08.48 बजे से। अवधि– 15 मिनट

---

01. लोकसभा चुनाव के चौथे और पांचवें चरण के लिए चुनाव प्रचार हुआ तेज। दलों और गठबंधनों के स्टार प्रचारक कर रहे हैं चुनावी सभाएं और रोड–शो।

02. आम चुनाव के छठे चरण के लिए राज्य के आठ संसदीय क्षेत्रों में नामांकन वापस लेने का आज अंतिम दिन।

03. खगड़िया लोकसभा क्षेत्र के बेलदौर में दो मतदान केन्द्रों पर कल होगा पुनर्मतदान।

04. और, चक्रवातीय परिसंचरण के कारण भागलपुर, मुजफ्फरपुर और दरभंगा समेत कई स्थानों पर देर रात से हो रही है बारिश। मौसम विभाग ने आज भी प्रदेश के अधिकांश स्थानों पर आंधी–बारिश की चेतावनी जारी की।

---

लोकसभा चुनाव के चौथे और पांचवें चरण के लिए चुनाव प्रचार तेज हो गया है। विभिन्न गठबंधन और राजनीतिक दलों के स्टार प्रचारक और वरिष्ठ नेता मतदाताओं को अपने पक्ष में वोट देने के लिए लगातार सभाएं, रैली, रोड–शो और जनसंपर्क कर रहे हैं। भाजपा के वरिष्ठ नेता और केन्द्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने कल बेगूसराय संसदीय क्षेत्र के मटिहानी में पार्टी प्रत्याशी और केन्द्रीय मंत्री गिरिराज सिंह के पक्ष में चुनावी सभा को संबोधित किया। श्री गडकरी ने कहा कि पिछले दस वर्षों में केन्द्र सरकार ने समाज के सभी वर्गों के लिए काम किया है। उन्होंने कहा कि राजमार्गों के निर्माण से बिहार का विकास सम्भव हो रहा है। वहीं, राजद के वरिष्ठ नेता तेजस्वी प्रसाद यादव ने जहानाबाद और रोहतास में चुनावी सभा को संबोधित करते हुये महागठबंधन प्रत्याशी के पक्ष में मतदान की अपील की। सभा को विकासशील इंसान पार्टी के प्रमुख मुकेश सहनी ने भी संबोधित किया। पत्रकारों से बातचीत में श्री यादव ने भाजपा पर आरक्षण को खत्म करने की साजिश करने का आरोप भी लगाया।

---

राजद के वरिष्ठ नेता तेजस्वी प्रसाद यादव आज मुंगेर लोकसभा क्षेत्र से राजद उम्मीदवार कुमारी अनीता के समर्थन में जनसभा को संबोधित करेंगे। कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ग्यारह मई को समस्तीपुर और मुजफ्फरपुर में पार्टी

प्रत्याशियों के समर्थन में चुनावी सभो को संबोधित करेंगे। श्री खड़गे समस्तीपुर सीट से कांग्रेस उम्मीदवार सन्नी हजारी और मुजफ्फरपुर संसदीय क्षेत्र के अजय निषाद के पक्ष में वोट देने की अपील करेंगे।

---

भाजपा के वरिष्ठ नेता और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी बारह मई को पटना साहिब संसदीय क्षेत्र से एनडीए उम्मीदवार रविशंकर प्रसाद और पाटलिपुत्र से एनडीए उम्मीदवार रामकृपाल यादव के समर्थन पटना में रोड–शो करेंगे।

---

लोकसभा चुनाव के छठे चरण के लिए राज्य के आठ संसदीय क्षेत्रों– वाल्मीकिनगर, पश्चिम चंपारण, पूर्वी चंपारण, शिवहर, वैशाली, गोपालगंज, सीवान और महाराजगंज में आज नामांकन वापस लेने की आज अंतिम तिथि है। इससे पहले कल पूर्वी चंपारण लोकसभा क्षेत्र से निर्दलीय प्रत्याशी आशा सिंह और शिवहर लोकसभा क्षेत्र से अंशुमन आनंद ने अपना नामांकन पत्र वापस ले लिया है। गौरतलब है कि आशा सिंह पूर्वी चंपारण सीट से वीआईपी प्रत्याशी डॉक्टर राजेश कुमार की पत्नी हैं। वहीं, अंशुमन आनंद शिवहर सीट से जदयू प्रत्याशी लवली आनंद के पुत्र हैं। छठे चरण के लिए राज्य में नामांकन पत्रों की जांच के बाद नवासी उम्मीदवार चुनाव मैदान में हैं। इस चरण के लिए पच्चीस मई को मतदान होना है।

---

प्रदेश में सातवें और अंतिम चरण के लोकसभा चुनाव के लिए नामांकन पत्र भरने का काम जारी है। इस चरण के तहत नालंदा, पटना साहिब, पाटलिपुत्र, आरा, बक्सर, सासाराम, काराकाट और जहानाबाद संसदीय क्षेत्रों में चुनाव होने हैं। अब तक पच्चीस प्रत्याशियों ने अपने पर्चे दाखिल किये हैं। कल काराकाट लोकसभा क्षेत्र से भाकपा–माले के राजा राम सिंह और जहानाबाद से राजद के सुरेन्द्र प्रसाद यादव ने नामजदगी का पर्चा भरा। राज्य निर्वाचन कार्यालय से मिली जानकारी के अनुसार पटना साहिब से समता पार्टी के महेश कुमार, सोशलिस्ट यूनिटी सेंटर ऑफ इंडिया– कम्यूनिस्ट पार्टी के धनंजय कुमार और राष्ट्रीय जनसंभावना पार्टी के धनंजय कुमार ने नामांकन दाखिल किया। वहीं, बक्सर संसदीय क्षेत्र से निर्दलीय उम्मीदवार सुधाकर मिश्रा ने अपना पर्चा

भरा। इधर, भोजपुर के अगिआंव विधानसभा क्षेत्र के लिए हो रहे उपचुनाव में भाकपा–माले के शिव रंजन प्रकाश ने भी अपना नामांकन पत्र दाखिल किया।

---

पाटलिपुत्र संसदीय क्षेत्र से भाजपा के रामकृपाल यादव आज पटना स्थित समाहरणालय भवन में अपना नामांकन पत्र दाखिल करेंगे। वहीं, नालंदा संसदीय सीट के लिए माले प्रत्याशी संदीप सौरभ भी आज नामांकन करेंगे।

---

निर्वाचन आयोग ने खगड़िया लोकसभा क्षेत्र के बेलदौर विधानसभा क्षेत्र अन्तर्गत बूथ संख्या एक सौ बयासी और एक सौ तेरासी पर पुनर्मतदान का आदेश दिया है। इन दोनों केन्द्रों पर कल पुनर्मतदान कराया जाएगा। गौरतलब है कि सात मई को तीसरे चरण के मतदान के दौरान असामाजिक तत्वों ने दोनों पोलिंग बूथ पर हुए हंगामें के बाद ईवीएम को क्षतिग्रस्त कर दिया था।

---

और अब सुनते है राज्य के संसदीय निर्वाचन–क्षेत्रों के राजनीतिक परिदृश्य पर आधारित आकाशवाणी समाचार की विशेष श्रृंखला। आज बात शिवहर लोकसभा सीट की। शिवहर बिहार के उन आठ संसदीय निर्वाचन– क्षेत्रों में से एक है, जहां छठे चरण में पच्चीस मई को मतदान होना है। हमारे संवाददाता की एक रिपोर्ट–

–––बाईट–––

बागमती, गंडक और सिकरहना नदियों से घिरे शिवहर लोकसभा क्षेत्र का राजनीतिक इतिहास काफी गौरवशाली रहा है। महान समाजवादी नेता आचार्य जे.बी. कृपलानी सहित कई प्रमुख हस्ती इस क्षेत्र का प्रतिनिधित्व कर चुके हैं। वर्ष 2008 के परिसीमन के बाद शिवहर लोकसभा क्षेत्र पर आधी आबादी का दबदबा रहा। वर्ष 2009, 2014 और 2019 के लोकसभा चुनावों में इस सीट से भाजपा की रमा देवी लगातार सांसद रहीं। इस बार एन डी ए में सीट बंटवारे के तहत यह सीट जद यू के खाते में चली गई। पार्टी ने यहां से लवली आनंद को टिकट दिया है। लवली आनंद वैशाली लोकसभा क्षेत्र से सांसद रह चुकी हैं और उनके पति आनंद मोहन शिवहर लोकसभा क्षेत्र का दो बार प्रतिनिधित्व कर चुके हैं। लवली आनंद के सामने इंडी गठबंधन से राजद ने रितु जयसवाल को उतारा है। सिंहवाहिनी पंचायत की कमुखिया के रूप में उनके काम करने के मॉडल की देशभर में चर्चा हुई थी। बाद में वे परिहार विधानसभा क्षेत्र से राजद के टिकट पर चुनाव लड़ी लेकिन उन्हें हार का सामना करना पड़ा था। बहरहाल, इस बार के लोकसभा चुनाव में मुख्य मुकाबला जद यू की लवली आनंद और राजद की रितु जयसवाल के ही बीच माना जा रहा है। विधानसभावार शक्ति संतुलन देखें तो एन डी ए का पलड़ा काफी मजबूत दिखता है। इस लोकसभा क्षेत्र के अन्तर्गत पूर्वी चम्पारण, शिवहर और सीतामढ़ी जिले के छह विधानसभा क्षेत्र आते हैं। इनमें से 4 सीटों पर भाजपा जबकि दो सीट पर राजद का कब्जा है। मधुबन, ढाका, चिरैया और रीगा सीट पर भाजपा के विधायक हैं। वहीं, शिवहर और बेलसंड विधानसभा क्षेत्र राजद के कब्जे में है। हालांकि, पिछले दिनों राज्य में हुए सत्ता परिवर्तन के दौरान शिवहर से राजद विधायक चेतन आनंद एन डी ए के साथ आ गए थे। चेतन आनंद लवली आनद के पुत्र हैं। बाढ़ और सुखाड़ की विभीषिका झेल रहा शिवहर आर्थिक रूप से काफी पिछड़ा है। यहां प्रति व्यक्ति आय राज्य के अन्य जिलों की तुलना में सबसे कम है। उद्योग धंधों की कमी के कारण पलायन इस क्षेत्र की प्रमुख समस्या रही है। राजद उम्मीदवार जहां स्थानीय मुद्दों की बात कर मतदान की अपील कर रही हैं वहीं, जद यू उम्मीदवार केंद्र और राज्य सरकार की उपलब्धियों पर मतदाताओं को लुभाने की कोशिश में जुटी हैं। यह देखना दिलचस्प होगा कि शिवहर लोकसभा क्षेत्र के करीब 18 लाख से अधिक मतदाता इस बार जीत का सेहरा किसके माथे पर बांधते हैं। आकाशवाणी समाचार के लिए शिवहर से हरिकांत सिंह।

---

निर्वाचन आयोग की ओर से बिहार पुलिस के दिवंगत जवान दिग्विजय कुमार के आश्रितों को पंद्रह लाख रूपये का चेक प्रदान किया गया है। दिग्विजय कुमार की गोपालगंज में चुनाव ड्यूटी के दौरान मौत हो गयी थी। वे अरवल जिले के इटवॉ गांव के निवासी थे।

---

चक्रवातीय परिसंचरण के प्रभाव से प्रदेशभर में बारिश की अनुकूल परिस्थितियां बनी हुयी है। हमारे संवाददाताओं ने बताया है कि कई स्थानों पर कल देर रात से बारिश का सिलसिला जारी है। वहीं, कई स्थानों पर सुबह से ही बादल छाये हुए हैं। बेगूसराय, दरभंगा, भागलपुर और मुजफ्फरपुर में आज सुबह से ही तेज बारिश हो रही है। मौसम विभाग ने अगले चौबीस घंटों के दौरान राज्य के कई हिस्सों में बारिश और वज्रपात को लेकर अलर्ट जारी किया है। इस दौरान सीवान, सारण, गोपालगंज, पूर्वी चंपारण और पश्चिमी चंपारण में हल्की से मध्यम स्तर की बारिश हो सकती है। मौसम विज्ञान केन्द्र, पटना के वैज्ञानिक एस.के. पटेल ने बताया कि नेपाल की तराई वाले क्षेत्रों और राज्य के पूर्वी हिस्सों में अधिक बारिश की सम्भावना है। राज्य के उत्तरी भागों के कई जिलों में पचास से साठ किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार के साथ आंधी, पानी और वज्रपात को लेकर अलर्ट जारी किया गया है।

---बाईट--

इधर, पिछले चौबीस घंटों के दौरान अधिकतम तापमान सामान्य से आठ डिग्री सेल्सियस नीचे दर्ज किया गया है। तापमान में बदलाव से लोगों को गर्मी से राहत मिली है। बक्सर का अधिकतम तापमान सैंतीस दशमलव चार डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया है। वहीं, पटना का अधिकतम तापमान बत्तीस दशमलव पांच डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया।

---

प्रदेश में पिछले चौबीस घंटों के दौरान प्रदेश के अधिकतर भागों में शिवहर, सीतामढ़ी, पूर्वी चंपारण, नवादा और वैशाली में ठनका गिरने की अलग–अलग घटनाओं में दो किशाोरियों समेत पांच लोगों की मौत हो गयी, जबकि सात लोग झुलस गये।

वहीं, वैशाली जिले के राघोपुर स्थित पहाड़पुर के पश्चिम पंचायत में वज्रपात की चपेट में आने से एक मवेशी की भी मौत हो गयी।

---

शेखपुरा जिले में पीएमश्री योजना के तहत चार सौ पांच विद्यालय चिन्हित किये गये हैं। जिला कार्यक्रम पदाधिकारी राजन गिरि ने बताया कि इनमें से बयालीस विद्यालयों के अंतिम चयन के लिए आवेदन प्रक्रिया जारी है। योजना के तहत शहरी क्षेत्र के दो विद्यालयों के साथ ही सभी बीस प्रखंडों में दो–दो विद्यालयों का चयन किया जाएगा। इनमें एक–एक माध्यमिक और उच्च माध्यमिक विद्यालय शामिल होंगे।

---

सासाराम की एमपी–एमएलए अदालत ने भाजपा के पूर्व सांसद गोपाल नारायण सिंह समेत तीन आरोपियों को विस्फोटक बरामद होने के बारह साल पुराने एक मामले में साक्ष्य के अभाव में बरी कर दिया।

---

पटना म्यूजियम में शॉट–सर्किट के कारण भीषण आग लग गयी। अग्शिमन दस्ते की एक दर्जन से अधिक गाड़ियों की मदद से आग पर काबू पाया गया।

---

अररिया पुलिस ने सोशल मीडिया पर धर्म विशेष को लेकर भडकाऊ पोस्ट करने के मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है।

---

मधुबनी जिले के बेनीपट्टी अंचल के सोहरौल में तलाब में नहाने के दौरान डूबने से दो बच्चों की मौत हो गयी।

---

पटना के बॉबी कुमार का चयन भारतीय सेपक टाकरा टीम में हुआ है। बॉबी सोलह से छब्बीस मई तक मलेशिया के कुआलालपुंर में आयोजित होने वाले विश्वकप में भाग लेंगे।

---

अखबारों की सुर्खियां.....

अब पटना से प्रकाशित प्रमुख समाचार पत्रों की सुर्खियां.......

आज के सभी समाचार पत्रों ने अलग–अलग खबरों को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

**हिन्दुस्तान** की सुर्खी है– राजद सुप्रीमो लालू प्रसाद के बयान और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के पलटवार के बाद से आरक्षण पर महाभारत छिड़ा।

**दैनिक भास्कर** की बड़ी खबर है– कांग्रेस नेता सैम पित्रौदा के विवादित बोल भारत में पूर्व के लोग चीनी, दक्षिण के अफ्रीकी दिखते हैं। इसके जवाब में प्रधानमंत्री ने कहा– चमड़ी के आधार पर अपमान बर्दाश्त नहीं।

**प्रभात खबर** लिखता है– शिक्षकों को हर माह के पहले कार्य दिवस को मिलेगा वेतन।

**दैनिक जागरण** की बड़ी खबर है– आबादी में हिन्दुओं की हिस्सेदारी सात दशमव आठ–दो  प्रतिशत घटी, मुस्लिमों की तैंतालीस दशमलव एक–पांच बढ़ी।

**आज** अखबार ने लिखा है– एस्ट्राजेनेका ने दुनिया भर से वापस मंगाई वैक्सिन।

**राष्ट्रीय सहारा** लिखता है– एयर इंडिया के रवैये से दो सौ कर्मी अचानक बीमार, नब्बे प्रतिशत उड़ानें रद्द।

---

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर.......

01. लोकसभा चुनाव के चौथे और पांचवें चरण के लिए चुनाव प्रचार हुआ तेज। दलों और गठबंधनों के स्टार प्रचारक कर रहे हैं चुनावी सभाएं और रोड–शो।

02. आम चुनाव के छठे चरण के लिए राज्य के आठ संसदीय क्षेत्रों में नामांकन वापस लेने का आज अंतिम दिन।

03. खगड़िया लोकसभा क्षेत्र के बेलदौर में दो मतदान केन्द्रों पर कल होगा पुनर्मतदान।

04. और, चक्रवातीय परिसंचरण के कारण भागलपुर, मुजफ्फरपुर और दरभंगा समेत कई स्थानों पर देर रात से हो रही है बारिश। मौसम विभाग ने आज भी प्रदेश के अधिकांश स्थानों पर आंधी–बारिश की चेतावनी जारी की।

---

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।